Annual Report

# Govt.College for Women Gohana

**Presented By :**

**Sh Dinesh Singh**

**Principal, GCW Gohana**

**Session 2021-22**

# वार्षिक प्रतिवेदन

## स़त्र 2021—22

**विवरण : राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना (सोनीपत)**

इस महाविद्यालय की स्थापना सन 1966 में हरियाणा वार हीरोज मेमोरियल कॉलेज के रूप में हुई। 12 फरवरी 1981 को हरियाणा सरकार ने इस महाविद्यालय का अधिग्रहण किया। 2009—10 से महाविद्यालय में एम0कॉम0 कक्षा प्रारंभ होने से महाविद्यालय को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का दर्जा मिला। शैक्षणिक सत्र 2017—18 से इस महाविद्यालय को सरकार ने केवल लड़कियों के लिए आरक्षित कर दिया अतः महाविद्यालय का नाम ,राजकीय महिला महाविद्यालय, हो गया। यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा की इच्छुक, ग्रामीण परिवेश की छात्राओं को उत्तम एवं उपयोगी अवसर प्रदान कर रहा है। यह गोहाना उपमण्डल के लिए गौरव की बात है।

## महाविद्यालय परिवार :

इस सत्र में महाविद्यालय में कुल 2220 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तीनों संकाय है। यहां शिक्षकों के 74 पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में 40 नियमित 1 अतिथि और 23 एक्सटैंशन प्राध्यापक कार्यरत हैं कर्मचारी वर्ग में 33 सदस्य कार्यरत हैं।

## पुस्तकालय एवं वाचनालय :

पुस्तकालय महाविद्याल की आत्मा, बुद्धिजीवियों की प्रयोगशाला व ज्ञान सरिता का उद्‌गम स्थल है शिक्षा जगत में ज्ञानवर्धन हेतु हमारे पुस्तकालय में 13703 पुस्तकों

का संग्रह है। हमारा पुस्तकालय पूर्णतः कंप्यूटरीकृत है तथा पुस्तकों का आदान.प्रदान भी कंप्यूटर से किया जाता है। पुस्तकालय के वाचनालय में 120 विद्यार्थी के बैठने की सुविधा है। हमारे महाविद्याल में हिंदी एवं अंग्रेजी के 10 समाचार पत्र 15 पत्रिकाएं आते हैं जिनमें विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सत्र से जुड़े रहने में सहयोग प्राप्त होता है। रोजगार समाचार पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यम से प्रति सप्ताह आता है। सत्र 2021—22 में पुस्तकालय के लिए 706 पुस्तक खरीदी गई है।

## विज्ञान प्रदर्शनी

**महाविद्यालय** ने **GCW Murthal में** आयोजित **Inter- District Level Science Exhibition में** भाग लिया। इस **Exhibition में** रासायन विज्ञान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## क्रीड़ा जगत :

महाविद्यालय में इस समय शारीरिक शिक्षा का कोई भी प्राध्यापक ना होने के कारण यह जिम्मेदारी श्री देवेन्द्र मलिक सहायक प्राध्यापक के पास है। महाविद्यालय में खेल का मैदान न होते हुए भी हर वर्ष की तरह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व दिनांक 04 दिसंबर 2021 को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता करवाई गई। जिसका उद्घाटन व समापन मुख्य अतिथि **BPS University की director of sports** श्रीमती सुमन दलाल द्वारा किया गया। अंशु मोर 41 में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की Best athlet रही। मध्य प्रदेश के रीवा में आयोजित हुई ऑल इंडिया सर्कल कबड्डी चैंपियनशिप में बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की टीम दूसरे स्थान पर रही। मध्य प्रदेश के रीवा में आयोजित हुई ऑल इंडिया सर्कल कबड्डी चैंपियनशिप में बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की टीम दूसरे स्थान पर रही। इस टीम में 8 खिलाड़ी हमारे महाविद्यालय की थी। टीम मैनेजर देवेंद्र मलिक वह कोच किरण ने इस सफलता में अहम भूमिका निभाई।

## कंप्यूटर विभाग

कंप्यूटर विभाग के अंतर्गत बीएससी कंप्यूटर साइंस का कोर्स चलाया जा रहा है। विभाग में 5 प्राध्यापक और 2 अनुदेशक है। महाविद्यालय में तीन कंप्यूटर लैब है, जिनमें 60 कंप्यूटर 3 प्रिंटर व 1 प्रोजेक्टर हैं। लैब में सभी कंप्यूटर नेटवर्किंग से जुड़े हैं तथा सभी लैब में इंटरनेट की सुविधा है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

राजकीय महाविद्यालय मे NSS की दो यूनिट है। यूनिट प्रथम की इंचार्ज श्रीमती प्रियंका (कॉमर्स विभाग) और यूनिट द्वितीय की इंचार्ज नीरज दहिया है। दिनांक 13 मार्च से 19 मार्च 2022 तक न्यात बस्ती गोहाना में 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में देश सेवा का भाव जगाना है। छात्राओं में कानून की जानकारी को बढ़ावा देने के लिए भी एक व्याख्यान करवाया गया। डा0 राकेश रोहिला ने दातों की देखभाल पर अपना व्याख्यान दिया। योग शिक्षक नरेश कुमार ने योगा की जानकारी दी व अन्य विषयो पर व्याख्यान करवाए गए। **Unit 1st में Best Volunteer Nargis** और **Best Camper Tannu** व **Unit 2nd** में **Best Volunteer Deepika** और **Best Camper Diksha** चूनी गई।

## एन0सी0सी0

महाविद्यालय में इस समय एन0सी0सी0 की एक यूनिट है जिसकी प्रभारी श्रीमती अर्चना देवी है। महाविद्यालय की 16 कैडेंट C' Certificate के लिए और 13 कैडेंट B' Certificate के लिए परीक्षा देगी। महाविद्यालय की कैडेंट हर वर्ष 15 अगस्त एवं 26

जनवरी को उपमंडल सतर होने वाली परेड में भाग लेते है इस वर्ष अंजली व प्रिया को **Best Cadet** चूना गया हैं।

# सांस्कृतिक गतिविधियां

महाविद्यालय में 24–25 नवम्बर को गुन्ज प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। GCW मुरथल के प्राचार्य श्री संदीप कन्धवाल इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे। 5 मई से 20 मई तक 15 दिवसीय हरियाणी लोक कला नृत्य कार्यशाला का आयोजन हरियाणा कला परिषद के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर नृत्य की विभिन्न कलाओं को सिखाया व आयोजन किया गया।

## कष्ट निवारण प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में समय.समय पर विद्यार्थियों को आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए कष्ट निवारण प्रकोष्ठ सुचारू रूप से कार्यर्त है। श्रीमती विमला पूनिया जी के निर्देशन में यह प्रकोष्ठ अच्छा कार्य कर रहा है

## विधि साक्षरता प्रकोष्ठ

हरियाणा राज्य विधि सेवा प्राधिकरण एवं उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा के सौजन्य से हमारे महाविद्यालय में विधि साक्षरता प्रकोष्ठ स्थापित है। इस सत्र में इस प्रकोष्ठ ने छात्राओं को अपने अधिकारों की जानकारी तथा भविष्य में आने वाली बढ़ाओ का कानूनी निपटारण संबंधी मार्गदर्शन किया। इसमें महाविद्यालय सत्र के साथ–साथ जिला सत्र के प्रोग्राम के लिए राजकीय महाविद्यालय गोहाना को चुना गया। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय गोहाना में महाविद्यालय स्तरीय कानूनी साक्षरता कार्यक्रम कॉलेज लेवल लिटरेसी प्रोगाम के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विधि साक्षरता प्रकोष्ठ के संयोजक श्रीमती नेहा वाणिज्य विभाग है।

## पूर्ण विद्यार्थी परिषद

महाविद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों का महाविद्यालय से भावनात्मक संबंध बनाए रखने के लिए श्री शमशेर भंडारी जी के देख–रेख में एक परिषद गठित है। हमारी यह पूर्व विद्यार्थी परिषद रजिस्टर्ड है जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 01797 है। इस परिषद पूर्व विद्यार्थियों के संपर्क में रहती हैं। भारतीय संस्कृति की गुरु शिष्य परंपरा को सुदृढ़ करने में इस परिषद का महत्वपूर्ण योगदान है

## पढ़ाई के साथ कमाई

हरियाणा सरकार द्वारा **Earn While You Learn** स्कीम के अंतर्गत इस सत्र में 10,000 प्राप्त हुए हैं। छात्राओं में शिक्षा के साथ.साथ कार्य भावना जागृत करने के लिए महाविद्यालय के 35 छात्रों का चयन साक्षात्कार के द्वारा किया गया। ये छात्राएं महाविद्यालय के कार्यालय पुस्तकालय एवं विभिन्न विभागों की प्रयोगशालाओं में कार्य कर रही है। स्कीम की इंचार्ज श्रीमती प्रियंका मलिक जी है।

## छात्रवृति विभाग

इस सत्र में हरियाणा सरकार द्वारा महविद्यालय की अनेक छात्राओं को विभिन्न प्रकार की छात्रवृति प्रदान की गई। जिनका वर्णन इस प्रकार है:–

| | |
|---|---|
| Post Matric Scholarship of BC | 263 |
| Consolidated Stipend for SC | 371 |
| Consolidated Free Books for SC | 371 |
| Consolidated Stipend Scheme for Grand Children of Freedom Fighters | 4 |

**Sexual Harassment At Workplace**

महाविद्यालय में महिला कर्मचारी व विद्यार्थियों के हित की रक्षा के लिए एक कमेटी गठित की गई जिसमें संयोजिक श्रीमती विमला पूनिया जी है।

**RTI**

महाविद्यालय में **RTI Act** 2005 के तहत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए **Information Officer** श्रीमती विमला पूनिया है 1st Appellate अधिकारी मैजर दिनेश सहारन प्राचार्य हैं।

**Passport**

श्री संदीप कुमार सहायक प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग पासपोर्ट कमेटी के इंचार्ज है। इनकी देखरेख में छात्राओं के पासपोर्ट बनाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है जिसके लिए सरकार द्वारा बजट जारी किया जा चूका हैं।

## मैटर ग्रुप

डॉ संदीप कुमार सहायक प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग के देखरेख में मेंटल ग्रुप बनाए गए हैं। हर महीने के तीसरे व चौथे शनिवार को छात्राओं की कक्षाएं लगाई जाती है तथा उनसे महाविद्यालय से संबंधित समस्याएं पूछी जाती हैं। उनके निवार्ण हेतु आवश्यक कार्यवाही भी की जाती है

## महाविद्यालय की उपलब्धियां

महाविद्यालय में हर वर्ष 26 जनवरी व 15 अगस्त के दिन क्रमशः गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस से मनाया जाता है जिनमें सभी प्राध्यापक कर्मचारी व छात्राएं भाग लेती हैं।

- महाविद्यालय की अपनी वेबसाइट है,www.gcwgohana.ac.in जिसमे महाविद्यालय की सभी गतिविधियां उपलब्ध है।
- महाविद्यालय का अपना फेसबुक पेज gcwgohana के नाम से है।
- महाविद्यालय के सभी प्राध्यापको के YouTube पर Digital Mode में Lecture उपलब्ध हैं।

**Thank You**

Principal
**Govt. College for Women**
Gohana (Sonepat)